दिनांक : 12.12.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

संसद-स्थगित

संसद के दोनों सदन आज विभिन्न मुद्दों पर बाधित रहे। हंगामे के बीच राज्यसभा और लोकसभा को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। लोकसभा में ट्रेजरी बेंच ने कांग्रेस नेताओं और अमरीका स्थित जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन के बीच कथित संबंधों का मुद्दा उठाया। विपक्षी दल अडानी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते रहे। हंगामे के चलते लोकसभा को पहले एक बजे तक फिर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा में सदन की बैठक शुरू हुई तो सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्षी दलों द्वारा दिए गए स्थगन नोटिस को खारिज कर दिया। विपक्षी दलों ने इस पर आपत्ति जताई और सदन में नारेबाजी शुरू कर दी। जिसके बाद कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

सड़क सुरक्षा

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज लोकसभा में कहा कि दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस इलाज योजना जल्द ही पूरे देश में शुरू की जाएगी। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने कहा कि छह राज्यों में प्रचलित योजना जल्द ही उत्तर प्रदेश और बाद में देश के बाकी हिस्सों में शुरू की जाएगी। इसमें पीड़ितों को अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज संभव होगा। राजमार्गों पर दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने सदस्यों से ऐसी सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाने

के लिए हर जिले में दुर्घटना निवारण समितियां गठित करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।

प्रधानमंत्री-जल जीवन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जल जीवन मिशन की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना ने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने दरवाजे पर स्वच्छ पानी के साथ, महिलाएं अब कौशल विकास और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं।

मुख्यमंत्री एक साल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार को कल एक साल पूरा हो रहा है। इससे पहले आज मुख्यमंत्री ने भोपाल में एक प्रेस वार्ता कर पिछले एक साल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीबीटी के माध्यम से प्रदेश की जनता को व्यापक रूप से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में स्वामी रामदेव बाबा के शिष्य डॉ. स्वामी परमार्थ देव महाराज के सानिध्य में योग शिविर में शामिल होकर योग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योग मनोयोग से होता है, सहयोग से नहीं।

उन्होंने कहा कि 21 जून को योग दिवस और 21 दिसम्बर को ध्यान दिवस मनाया जायेगा, दोनों तिथियां उत्तरायण एवं दक्षिणायान के लिए महत्व रखती है। कार्यक्रम में उन्होने बताया कि फ्रीगंज का नवीन ब्रिज 21 मीटर चौड़ा बनाया जायेगा।

मुख्यमंत्री–अलीराजपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज अलीराजपुर के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव छकतला में सोंडवा उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमि–पूजन कर जिले को सौगात देंगे। 17 सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार होने वाली इस परियोजना के माध्यम से जिले के 169 ग्रामों की 55 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि सिंचित होगी एवं पीने के पानी की उपलब्धता बढ़ेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव जल संसाधन विभाग, लोक सेवा यांत्रिकी विभाग सहित कई अन्य विभागों की योजनाओं का भूमि–पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव छकतला में कृषि विकास केंद्र द्वारा श्री अन्न के प्रचार–प्रसार एवं जिले में उत्पादन के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे।

गीता जयंती

गीता जयंती पर जबलपुर में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नरसिंह मंदिर में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें डॉ स्वामी नरसिंह दास महाराज समेत अन्य संत महात्माओं ने भगवत गीता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर वेदपाठी ब्राह्मणों ने गीता के 18 अध्याय का पाठ भी किया।

समाचार संक्षेप में .....

- नगर पालिका सारनी के वार्ड क्रं. 33 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस की रेखा सुनील भलावी ने भाजपा की लक्ष्मी नगदे को 160 वोटों से हरा दिया है। वही नगर पालिका गुना के वार्ड क्रमांक 10 में हुए पार्षद पद

के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विनोद कल्याण सिंह लोधा विजयी घोषित।

- बड़वानी में 14 दिसम्बर को जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

....